तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में लिम्हा की टीम रही विजयी



## खबर संक्षेप

### राजस्व वसूली के लिए वार्डों में 5 से लगेंगे शिविर

**कोरबा।** निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली के लिए वार्डों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा, यह शिविर 5 जनवरी से 30 जनवरी तक निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित होंगे तथा वार्ड के निर्धारित स्थलों पर करदाताओं व बकायादारों से बकाया करों की राशि जमा कराई जाएगी। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के करदाताओं, बकायादारों से अपील की है कि वे शिविरों में पहुंचकर बकाया करों की राशि जमा कराएं, साथ ही ऐसे नए भवन, मकान तथा अन्य सम्पत्तियॉं जिनमें सम्पत्तिकर अभी तक आरोपित नहीं किया गया है, वे नियमानुसार आवेदन पत्र सहित स्व-विवरणी फार्म भरकर अपने संबंधित जोन कार्यालय में राशि जमा कराएं।

### पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का होगा वार्षिक सत्यापन

**कोरबा।** शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप बेनेफिशरी सत्यापन एप के माध्यम से किया जाएगा, इसके लिए नगर निगम के समस्त वार्डों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने इसके लिए आदेश जारी कर वार्डवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत शासन के सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित केन्द्रीय पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप बेनेफिशरी सत्यापन एप से शत प्रतिशत किया जाना है। साथ ही आधार सत्यापन हेतु हितग्राहियों से आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ मोबाईल नम्बर भी लिया जायेगा।

### पुलिस की चेकिंग पर लोगों ने उठाए सवाल

**कोरबा।** नए साल के मौके पर जहाँ आम लोग जश्न मना रहे थे, वहीं बालको थाना पुलिस ने एक अलग अंदाज में साल का स्वागत किया। पुलिस ने कॉफी पॉइंट और आसपास के इलाकों में चेकिंग अभियान चलाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस की मौजूदगी और कार्रवाई देखकर लोग डर तो गए, लेकिन सवाल यह है कि क्या इस तरह की कार्रवाई से अपराध पर असली नियंत्रण लगाया जा सकता है। आमतौर पर कहा जाता है कि जब पुलिस वास्तव में सख्ती से काम करे, तो अपराध अपने आप कम हो जाते हैं। लेकिन इस बार हालात ऐसे दिखे जैसे कार्रवाई का उद्देश्य औपचारिकता निभाना ज्यादा था।

### 51 हजार पार्थिव शिवलिंगों से गूंजेगा ॐ नमः शिवाय

**कोरबा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 51 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन-अभिषेक का विराट आयोजन किया जा रहा है। यह पावन अनुष्ठान श्री संवत 2082, माघ मास, शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी अर्थात महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर संपन्न होगा। आयोजन के तहत 30 जनवरी को पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया जाएगा, जबकि 31 जनवरी को विधिवत पूजन, अभिषेक, हवन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। यह समस्त धार्मिक कार्यक्रम दुर्गा पंडाल, सिंचाई कॉलोनी, आईटीआई रामपुर, कोरबा में आयोजित किया जाएगा। इस पावन आयोजन का आचार्यत्व ज्योतिषाचार्य प्रदीप जी महाराज द्वारा किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार भगवान भोलेनाथ की विधिपूर्वक आराधना से जीवन में सुख-शांति, समृद्धि की प्राप्ति होती है तथा कालसर्प दोष, पितृ दोष और अकाल मृत्यु जैसे कष्टों से मुक्ति मिलती है। आयोजक समिति ने जिले के समस्त शिवभक्तों एवं धर्मानुरागी साधकों से अपील की है।

# एजेंडे की चर्चा तक ही सीमित रह गई जिला पुरातत्व समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

एक तरफ जिले को पर्यटन केंद्र के रुप में विकसित करने की घोषणा मुख्यमंत्री कर चुके हैं। वहीं दूसरी तरफ अंचल के पुरातात्विक महत्व के स्थलों को संजो कर रखने वाले संग्रहालय की स्थिति को लेकर जुलाई महीने में आहूत बैठक केवल एजेंडे तक ही सीमित रह गई। अब तक संग्रहालय से चोरी गए समान भी वापस नहीं मिले और न ही सुरक्षा की दृष्टि से लगने वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

बीते जुलाई महीने में जिला पुरातत्व सलाहकार समिति की बैठक कलेक्टर में आहूत की गई थी। जिसमें पुरातत्व संग्रहालय को लेकर एजेंडे तैयार किए गये थे उक्त एजेंडे में चर्चाएं तो अधिकारियों के उपस्थिति में की गई। लगभग 12 एजेंडों पर चर्चा के लिए बैठक आहूत की गई थी जिसमें संग्रहालय से चोरी गए पुरातत्व महत्व के सामानों के सुपुर्दनामों का एजेंडा प्रमुख रुप से शामिल था। और इस पर समीक्षा की गई और न्यायालय से इन सामानों की सुपुर्दगी के लिए अधिकारियों के बीच चर्चा हुई जो केवल चर्चा तक सीमित रही। अब तक चोरी गए सामान संग्रहालय में वापस नहीं मिले हैं वहीं सुरक्षा की दृष्टि से चौक चौराहों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर पुरातत्व संग्रहालय जैसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थलों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए। एजेंडे में संग्रहालय के लिए भृत्य और चौकीदार की भर्ती किए जाने पर चर्चा हुई और इसकी मंजूरी मिल गई। कलेक्टर दर पर भृत्य और चौकीदार की नियुक्ति की गई है। इसी तरह बाउंड्रीवाल निर्माण पर चर्चा हुई। संग्रहालय भवन के चारों ओर लोहे के पाईप से बांउड्रीवाल का निर्माण किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से कांक्रीट की दीवाल का निर्माण करना आवश्यक था।

## चोरी गए सामान भी नहीं मिले वापस, सीसीटीवी कैमरे की बनी हुई दरकार

**खास बातें**

- चौकीदार और भृत्य की कलेक्टर दर पर की गई नियुक्ति
- पाईप से बनाई गई बांउड्रीवाल




### जर्जर भवन को मरम्मत की दरकार

नगर निगम के द्वारा बनाए गए भवन में संग्रहालय का संचालन किया जा रहा है जो पुराना होने के कारण जर्जर हो चला है। जिसके मरम्मत को लेकर भी दरकार बनी हुई है। बैठक में इस एजेंडे पर भी चर्चा हुई और संग्रहालय भवन के मरम्मत सहित निर्माण, शोकेस, लॉक तथा मरम्मत के लिए राशि आबंटन पर चर्चा हुई किंतु राशि अब तक नहीं मिली है। इसी तरह संग्रहालय में कला प्रशिक्षण की अनुमति, ऑडीटोरियम का निर्माण के साथ नवीन सर्वे किए जाने तथा संग्रहालय भवन को उन्नत कार्य कर आकर्षक बनाने के एजेंडे पर भी चर्चा हुई।

## डीपीआई की जानकारी में शिक्षा विभाग ने प्रस्तुत की रिपोर्ट

# लापरवाही बरतने वाले शिक्षक इस वर्ष मूल्यांकन कार्य से होंगे अलग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माशिमं के द्वारा मूल्यांकन कार्य में लापरवाही बरतने वाले व्याख्याताओं को इस वर्ष मूल्यांकन कार्य से अलग किया जा सकता है। इसके संबंध में डीपीआई के द्वारा शिक्षा विभाग से मांगी गई जानकारी में 9 स्कूलों के शिक्षक सामने आये हैं जिनपर कार्यवाही होगी। जिले की बोर्ड परीक्षाओं की कांपियों का मूल्यांकन कार्य होने बाद घोषित परीक्षा परिणाम में जिले के जिन स्कूलों के बोर्ड कांपियों के मूल्यांकन में बरती गई लापरवाही की वजह से परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से कम आया है, उन स्कूलों के शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की जा रही है। इसके अलावा मूल्यांकन में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के खिलाफ भी कार्यवाही की अनुशंसा होगी।

**खास बात**

- माशिमं ने एक माह पहले ही शिक्षकों को जारी कर दी थी सूची


फाइल फोटो

माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन को लेकर कसावट बरतना शुरु कर दिया है मूल्यांकन कार्य में ऐसे शिक्षकों को लगाया जाएगा जो इस कार्य को गंभीरता से और नियत समय पर करते हैं। बीते एक माह पूर्व माध्यमिक शिक्षा मंडल ने स्कूलों के खराब रिजल्ट के मामले में जिला शिक्षा विभाग को उन शिक्षकों के नाम और स्कूलों की जानकारी भेजी थी जिनका रिजल्ट खराब आये थे। एक सप्ताह पूर्व डीपीआई ने दोबारा कार्यवाही के लिए शिक्षा विभाग से इसकी रिपोर्ट तलब की है। इसके अनुसार जिले के दस स्कूल ऐसे शामिल हैं जहां पदस्थ व्याख्याताओं के विषय के परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से कम आये हैं। इसी तरह 60 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले शिक्षकों की भी जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मंगाई गई है। जिले का रिजल्ट वैसे तो 80 प्रतिशत है लेकिन उसमें भी खराब रिजल्ट को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कार्यवाही की अनुशंसा कर दी है। इसके मद्देनजर डीपीआई के द्वारा शिक्षा विभाग से मांगी गई जानकारी में जिले के 20 शिक्षक इसके दायरे में आ रहे हैं जिनके खिलाफ कार्यवाही होगी।

### खराब रिजल्ट वाले स्कूलों की संख्या

जिले में खराब रिजल्ट वाले स्कूलों की जानकारी तैयार कर ली गई है और उसके अनुसार 60 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम देने वाले स्कूलों की संख्या 22 है और 30 प्रतिशत से कम रिजल्ट वाले स्कूलों की संख्या 8 है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा जारी किए गए निर्देश के तहत 30 प्रतिशत से कम रिजल्ट वाले व्याख्याताओं के खिलाफ एक इंक्रीमेंट रोकने की कार्यवाही की जाएगी। वहीं 60 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले शिक्षकों के विरुद्ध भी कार्यवाही की अनुशंसा की गई है। 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले 8 स्कूलों के 20 शिक्षक ही कार्यवाही के दायरे में आ रहे हैं।

### जानकारी ली जा रही है

60 प्रतिशत और 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों की जानकारी तैयार कर ली गई है। डीपीआई को इसकी जानकारी भेजी जाएगी। 8 स्कूलों के 20 शिक्षक ऐसे हैं जिनके विषय के परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से कम हैं। ऐसे शिक्षकों के खिलाफ वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की अनुशंसा माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा की जाएगी।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

### होगी बैठक

जिला शिक्षा विभाग के द्वारा आने वाले दिनों में 60 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों के प्राचार्यों और व्याख्याता तथा 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों के प्राचार्य और व्याख्याताओं की बैठक आहूत की जाएगी। इसके संबंध में जिला शिक्षा विभाग के द्वारा सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र भी प्रेषित कर दिया है। बैठक में परीक्षा परिणाम को लेकर समीक्षा की जाएगी।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल, अस्पताल दाखिल


हादसे के दौरान पलटी कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। दर्री थाना क्षेत्र में दो कारों की आमने-सामने की टक्कर हुई, जिसमें एयरबैग खुलने से तीन लोगों की जान बच गई। वहीं बालको थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए।

**खास बात**

- कार का एयर बैग खुलने से तीन लोगों की बची जान

पहला हादसा दर्री थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज पर दोपहर लगभग 2 बजे घटित हुई। भाटापारा निवासी राहुल एक्का अपनी डिजायर सीजी 12 बीसी 3147 से कोरबा आ रहे थे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार डिजायर सीजी 12 बीटी 7957 ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कोरबा से आ रही डिजायर की दिशा बदल गई और उसका एक पहिया अलग हो गया। दोनों कारों के इंजन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि इस भीषण टक्कर के बावजूद डिजायर में सवार तीन लोगों की जान एयरबैग खुलने के कारण बच गई और किसी को गंभीर चोट नहीं आई। दूसरा ⏭ शेष पेज 3 पर

## वार्षिक कैलेंडर का विमोचन...



**कोरबा।** हरिभूमि के वर्ष 2026-27 के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन हरिभूमि कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रुप में पुष्पक इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक राकेश रामानी, कोरबा कंप्यूटर कॉलेज के डायरेक्टर राजेश अग्रवाल, ऑटो सेंटर के संचालक पवन अग्रवाल, न्यू जेके ज्वेलर्स के संचालक जय सोनी, टोटल सॉल्यूशन के संचालक शिवम अग्ये, हरिभूमि के ब्यूरो चीफ राकेश श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, अनुप स्वर्णकार और ओंकार गुप्ता सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# ट्रांसपोर्टर से लूटपाट, वाहन में तोड़फोड़, 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डेंगुरनाला के समीप ट्रांसपोर्टर अखिलेश सिंह के साथ लूटपाट और मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। इस दौरान फॉर्च्यूनर वाहन में तोड़फोड़ की गई और आरोपियों ने चाकू की नोक पर पर्स और अन्य सामान लूट लिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**खास बातें**

- पकड़े गए आरोपियों में तीन बालिग एवं तीन नाबालिग
- ढेंगुरनाला के समीप पहले भी मारपीट व लूटपाट की घटना को दिया था अंजाम


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

अखिलेश सिंह टीपी नगर से अपना काम खत्म कर पथर्रीपारा स्थित अपने घर लौट रहे थे। डेंगुरनाला के पास पहुंचते ही आधा दर्जन लोगों ने उनकी गाड़ी पर हमला कर दिया। उन्होंने गाड़ी रुकवाकर अखिलेश सिंह के साथ मारपीट की और लूट को अंजाम दिया। जिसके बाद अखिलेश सिंह ने इसकीय शिकायत पुलिस थाने में दर्ज करायी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की और कुछ ही घंटों के भीतर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में तीन नाबालिग हैं, जबकि तीन बालिग हैं। पूछताछ में यह भी सामने आया कि इन आरोपियों ने अखिलेश सिंह से पहले भी कई लोगों के साथ मारपीट और वाहनों में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया था, हालांकि उन मामलों की शिकायत पुलिस में दर्ज नहीं हुई थी।

### शराब के नशे में थे आरोपी

गिरफ्तार बालिग आरोपियों की पहचान सोनमणि बंजारे 18 वर्ष निवासी अंबेडकर चौक बालको, एकलव्य राव उर्फ सानू 18 वर्ष निवासी पीपरपारा कोहड़िया और गौतम साहू 30 वर्ष निवासी डेंगुरनाला कोहड़िया के रूप में हुई है। ये तीनों दोस्त शराब के नशे में थे और वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चाकू, डंडा, बेल्ट और अन्य हथियार भी बरामद किया है। इस मामले में एडिशनल एसपी नीतिश ठाकुर ने बताया कि ट्रांसपोर्टर की शिकायत पर 6 आरोपियों को गिरफ्तार गया है। इनमें तीन अपचारी बालक हैं, जबकि तीन बालिग आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## लक्ष्य 30 लाख क्विंटल का, डेढ़ माह में हुई 12 लाख क्विंटल की खरीदी

# धान खरीदी के 19 दिन शेष, खरीदना होगा 60 फीसदी धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में 15 नवंबर से शुरु हुई धान खरीदी 31 दिसंबर तक डेढ़ माह का समय का पूरा करने के बाद महज 12 लाख क्विंटल की ही धान खरीदी की जा सकी है सिर्फ 19 दिन शेष बचे हैं और लक्ष्य है 30 लाख क्विंटल खरीदी का जिसे पार पाना कठिन लगने लगा है। खरीदी के लिए नये नियमों ने किसानों को ऐसा उलझाया कि उनका आधा समय पंजीयन कराने में बीत गया।

धान खरीदी के लिए किसानों को टोकन काटने वाली नये नियमों ने ऐसे उलझाया है कि किसान परेशान हो गए हैं। खरीदी के लिए लिमिट नहीं बढ़ाना तथा एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन कराना किसानों के सामने एक बड़ी समस्या के रुप में आया है। 31 दिसंबर की तिथि तक जिले में महज 12 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। समितियों के द्वारा खरीदी को लेकर पूरी सजगता बरती जा रही है। जिन किसानों का पंजीयन हुआ है उनसे ही धान खरीदा जा रहा है। किसानों को बार बार एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन कराने के लिए समिति का चक्कर काटना मुश्किल भरा कदम हो गया था। सरकार ने राहत जरुर दी है किंतु यह राहत भी न के बराबर रही। कहीं गिरदावारी के दौरान रकबा कम कर दिया गया तो कहीं किसानों के पूरे खसरे का पंजीयन नहीं हुआ। ऐसी तमाम पेचिदिगियों के बाद भी 52 हजार किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है उस दृष्टि से अब तक 20 प्रतिशत किसान ही धान बेच सके हैं शेष किसानों के सामने टोकन नहीं कटने की समस्या खड़ी हो गई है।


फाइल फोटो

### शनिवार व रविवार नहीं होती खरीदी

शनिवार और रविवार को धान की खरीदी उपार्जन केंद्रों में नहीं होती है। उस हिसाब से जनवरी में केवल 19 दिन ही खरीदी होगी। 31 जनवरी तक सरकार धान खरीदेगी। इस 19 दिन की अवधी में किसानों के सामने अपना धान बेचने के लिए पंजीयन कराना एक बड़ी चुनौती होगी। जिसके लिए किसान पंजीयन कराने के लिए अभी भी प्रयासरत है। सरकार ने ऑनलाइन टोकन काटने की जो सुविधा तो दी है लेकिन वह सुविधा भी खरीदी की लिमिट के आगे सीमित रह गई है। परेशान किसान अभी भी टोकन कटाने में उलझे हुए हैं।

### प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित को प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस योजना के अंतर्गत जिले में निवासरत गरीबी रेखा सर्वे सूची में शामिल शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों से स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक किराना, मनिहारी, कपड़ा, नाई सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, फैंसी स्टोर, मोटर मैकेनिक, साइकिल मरम्मत, टीवी, रेडियो, मोबाइल रिपेयरिंग, वाइंडिंग, मुर्गीपालन, बकरी पालन, सब्जी व्यवसाय, दोना-पत्तल निर्माण, लघु एवं कुटीर उद्योग सहित स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप किसी भी उपयुक्त व्यवसाय का चयन कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### राजनीतिक दलों को दी गई दावा आपत्ति की जानकारी

**बिलासपुर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण एसईआर 1 जनवरी के संदर्भ में जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के द्वारा बुधवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित कर दावा आपत्तियों की सूची उपलब्ध करा दी गई है। राजनैतिक दलों को संचयी एवं बढ़ते क्रम में साप्ताहिक सूची सौंप दी गई है। इसके विवरण के अनुसार फार्म-6 नए निर्वाचक के रूप में नाम शामिल करने के लिए प्राप्त कुल दावा आपत्तियों की संख्या 1037 है। फार्म 7 में विलोपन के लिए प्राप्त कुल दावा आपत्तियों की संख्या शून्य है। फार्म 8 स्थानांतरण और त्रुटि सुधार हेतु प्राप्त कुल दावा आपत्तियों की संख्या शून्य है। बैठक में इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी, मार्कसवादी कम्यूनिस्ट पार्टी एवं छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जमुई रेल हादसे ने रोका साउथ बिहार का पहिया

**बिलासपुर।** जमुई में रेल हादसे के कारण अब तक ट्रेन यातायात प्रभावित है, जिसके कारण बिलासपुर, रायपुर होकर दुर्ग आने-जाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस का भी पहिया थम गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार आसनसोल मंडल के अंतर्गत लाहाबन–सिमुलतला रेलखंड पर मालगाड़ी के पटरी से उतर जाने के कारण चौथे दिन मंगलवार को भी रेल परिचालन गंभीर रूप से प्रभावित रहा। जसीडीह–झाझा रेलखंड पर ट्रैक में अवरोध के चलते 31 दिसंबर को चलने वाली कई पैसेंजर व एक्सप्रेस ट्रेनों को रद, परिवर्तित, शार्ट टर्मिनेट अथवा पुनर्निर्धारित किया गया है। 26 ट्रेनें आसनसोल-हावड़ा मंडल व 25 ट्रेनें दानापुर मंडल से परिवर्तित की गईं। 11 ट्रेनें हावड़ा-आसनसोन व एक ट्रेन दानापुर मंडल से रद की गई। मेन लाइन पर परिचालन शुरू नहीं होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ट्रेनें भी शामिल हैं, जिसमें प्रतिदिन दुर्ग से रायपुर और बिलासपुर होकर आरा की ओर आने-जाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस के परिचालन पर भी प्रभाव पड़ा है।

### नागरिक सहकारी बैंक में मतदान 4 को

**बिलासपुर।** बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के संचालक मंडल के निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हो गई है। रिटर्निंग अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना 4 जनवरी को सुबह 9 बजे से 4 बजे तक होगा। श्री गुप्ता ने बताया कि निर्वाचित संचालकों की प्रथम बैठक 10 जनवरी को होगी, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी की अध्यक्षता में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले 26 दिसंबर को कार्यालय में 18 नाम निदेशन पत्र प्राप्त हुए। नियोजन पत्रों की जांच 29 दिसम्बर को की गई। नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 दिसम्बर थी।








## कोपरा जलाशय में अब नहीं मार पाएंगे मछली, लगा प्रतिबंध

**बिलासपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा कोपरा जलाशय को रामसर साईट घोषित करने के बाद भी स्थानीय लोगों के द्वारा गलत तरीके से मछली मारने पर जिला प्रशासन ने प्रतिबंध लगा दिया है। बांध में मछली मारने के लिए समितियों को दिया गया ठेका काफी पहले ही समाप्त हो चुका था, जिसका एक्सटेंशन भी नहीं किया गया था। अब प्रशासन ने इसमें मछली मारने पर पूरी तरह रोक लगा दी है। रामसर साइट घोषित होने के बाद कोपरा जलाशय में मछली मछली मारने पर जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर मछली पालन विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। ज्ञात हो कि राज्य सरकार के प्रस्ताव पर केंद्रीय सरकार द्वारा बिलासपुर शहर के नजदीक कोपरा जलाशय को एक माह पहले रामसर साइट घोषित किया गया है। बड़ी संख्या में देशी और विदेशी पक्षियों का यह बसेरा है। बांध में प्रातःकाल का नजारा बड़ा लुभावना होता है। मछली मारने पर प्रशासन से प्रतिबंध संबंधी निर्देश के बाद मछलीपालन विभाग ने आसपास के ग्रामों में मछली मारने की मनाही संबंधी सूचना की मुनादी करा दी है। इनमें ग्रामों में प्रमुख रूप से सैदा , बेलमुंडी, कोपरा, सकरा, बुटेना, अमसेना, बहुतराई, पांड़ एवं सरसेनी के सरपंचों को भी इसकी सूचना से अवगत कराया गया है। मुनादी के दौरान सरपंचों को यह भी कहा गया है कि जलाशय में किसी के द्वारा भी यदि मछली मारने का प्रयास किया गया तो इस संबंध में विभाग को सूचित किया जाए, ताकि संबंधितों के खिलाफ पकड़े जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जा सके।

**खतरा:** इन इलाकों में पीलिया और दूसरी बीमारियां फैल भी चुकीं

# 10 वर्षों में 400 करोड़ रुपए से अधिक खर्च, इसके बाद भी नालियों के बीच से गुजरी हैं पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पेयजल योजनाओं पर 10 वर्षों में 400 करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च करने के बावजूद न तो शहरवासियों को नालियों के बीच से गुजरी पाइप लाइनों से छुटकारा मिला और न ही योजना चौबीसों घंटों पानी सप्लाई के दावे पर खरा उतरा गया है। हाल यह है कि आज भी शहर की घनी आबादी वाले तालापारा, सरकंडा, तारबाहर, जरहाभाठा, सिविल लाइन थाने के पीछे अंबेडकर नगर में नालियों की बीच से पाइप लाइन गुजरी है। इन इलाकों में पीलिया और दूसरी बीमारियां फैल भी चुकीं हैं। तात्कालिक तौर पर राहत अभियान चलाया जाता है लेकिन बाद में फिर वहीं स्थिति हो जाती है। पिछले महीने ही सिविल लाइन थाने के पीछे रहने वाले 60 से अधिक परिवारों के बीच पीलिया फैल गया था। इससे 20 से अधिक बच्चे बीमार हो गए थे। लगातार शिकायतों के बाद अब इस क्षेत्र में पाइप लाइन बदली जा रही है।

■ ससंक्रमण की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता

गौरतलब है कि शहर में अमृत मिशन योजना के अंतर्गत 100 करोड़ रुपए खर्च कर 276 किलोमीटर पाइप लाइनें बिछाई गईं हैं। इसी तरह 2007 से 2017 के बीच 81 करोड़ की जल आवर्धन योजना चलाई गई। इसके बावजूद नालियों के बीच से गुजरी पाइप लाइनों से लोगों को छुटकारा नहीं मिला। डबरीपारा, चांटीडीह, किसानपारा, अशोक विहार, रपटा चौक में पाइप लाइनें नालियों के बीच से गुजरी हैं। इनसे संक्रमण की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।


नई लाइन बिछाने के बाद भी नाली के अंदर फूटी पाइप लाइन से हो रही पानी की सप्लाई।


बिछाई गई नई पाइप लाइन।

## 267 स्थानों पर नाले-नालियों से गुजरे पाइप

गौरतलब है कि नगर निगम ने शहर के विभिन्न वार्डों में डायरिया फैलने पर सर्वे कराया था। इसमें पता चला था कि शहर के 267 स्थानों पर पाइपलाइन नाले, नालियों के बीच से गुजरी हुई है। ऐसे में पाइप लाइन में लीकेज होने पर गंदा पानी सप्लाई होने की आशंका बनी हुई है। तत्कालीन समय में पीएचई और निगम ने संयुक्त सर्वे किया था, तब 59 वार्डों में नाले, नालियों के बीच से गुजरी करीब आठ किलोमीटर पाइप लाइन बदलने की योजना बनाई गई थी। इसके अलावा बारिश के समय में पाइप लाइन में लीकेज से ज्यादा खतरा हो जाता है। जिसके कारण डायरिया के साथ ही पीलिया जैसी बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। इससे पहले भी शहर में दूषित पानी की समस्या के कारण तालापारा में उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी, तब गंदा पानी पीने से डायरिया फैलने की बात सामने आई थी। उस समय भी शिविर लगाकर बीमार लोगों का उपचार करना पड़ा था।

### अधिकांश हिस्सों में दो से तीन योजनाओं की लाइन

इधर निगम के कुछ जोन में पाइप लाइन में लीकेज दुरुस्त करने का दावा किया जा रहा है लेकिन, जंग लगे और फूटे पाइप को बदलने व मेंटेनेंस का काम नहीं हो पाया है। लीकेज दुरुस्त करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि शहर के अधिकांश हिस्सों में दो से तीन योजनाओं की अलग-अलग समय में पाइप लाइन लगाई गई है, जिसके कारण दिक्कतें हो रही है और शिकायत के दौरान सुधार कार्य में भी समस्या होती है।

### दूर की जाएगी कमी

साफ पानी की उपलब्धता की सुनिश्चित करने के लिए ही तो अमृत मिशन योजना लागू की गई थी। इसके तहत शहर भर में नई पाइप लाइन बिछाई गई है। जिन मोहल्लों में कमी है उसे दूर कर लिया जाएगा।

**- प्रकाश सर्वे,**
निगम कमिश्नर

### 30 साल पहले बदली थी पाइप लाइन

पिछले महीने ही सिविल लाइन थाने के पीछे रहने वाले 60 से अधिक परिवारों के बीच पीलिया फैल गया था। इससे 20 से अधिक बच्चे बीमार हो गए थे। लगातार शिकायतों के बाद अब इस क्षेत्र में पाइप लाइन बदली जा रही है। यहां रहने वाले प्रभाकर राव, मनीषा सिध्द, प्यारी साहू ने बताया कि क्षेत्र में 30 साल पहले पाइप लाइन बदली गई थी जो कि अब नालियों के बीच से गुजरी है। इसी पानी को पीने से अनुष्का सिध्द, लावण्या साहू, विशाल कुमार और दूसरे बच्चे बीमार पड़ गए थे। इसके साथ ही शहर के इमलीपारा, तारबाहर, मगरपारा, बापूनगर, चिंगराजपारा, मधुबन, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह समेत कई वार्डों में पाइप लाइन नाले-नालियों से होकर गुजरी है, जिससे दूषित पानी सप्लाई होने से बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है।

### दूषित पानी की बात सामने आई

जेपी वर्मा कॉलेज के बगल से मिनी बस्ती का क्षेत्र गुरु घासीदार नगर के अंतर्गत आता है। यहां के लोगों का कहना है कि अधिकांश गलियों की पाइप लाइनें नालियों के बीच से गुजरी हैं। बीच में गंदे पानी की शिकायत आने पर जांच करवाया गया था। इसमें दूषित पानी की बात सामने आई थी। वार्ड में अमृत मिशन की सप्लाई के बावजूद लोगों को 9 ट्यूबवेल से सीधी सप्लाई का सहारा ले पड़ रहा है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 65 संत नामदेव नगर में भी नालियों के बीच से गुजरी पाइप लाइन से गंदा पानी पहुंच रहा है। हालांकि लगातार शिकायत के बाद नाले-नालियों के बीच से गुजरी पाइप लाइनों को बदलने के निर्देश दिए गए हैं।


कर्मचारी से जानकारी लेते निगम कमिश्नर।

## अमृत मिशन प्लांट में आई तकनीकी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमृत मिशन के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में आई तकनीकी खराबी के कारण वार्डों में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पानी की आपूर्ति की जा रही है,जिसका जायजा आज निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने लिया। निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने व्यापार विहार,भारतीय नगर और तालापारा क्षेत्रों का दौरा किया और वैकल्पिक व्यवस्था के तहत किए जा रहे पानी सप्लाई को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए।

■ नाली जाम करने वाले व्यापारियों पर जुर्माने का निर्देश

विदित है कि अमृत मिशन योजना के तहत अशोक नगर-बिरकोना में बनाए गए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में 31 दिसंबर की रात को तकनीकी समस्या आ गई,जिसके बाद पानी टंकी में सप्लाई होने वाली व्यवस्था बाधित हो गई है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नगर निगम द्वारा पानी टंकियों को बोर के माध्यम से भरा जा रहा है,इसके अलावा आवश्यकतानुसार टैंकर के माध्यम से भी पानी की व्यवस्था की जा रही है। निरीक्षण के दौरान निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने जोन और जल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वाटर प्लांट में की समस्या जब तक ठीक नहीं कर ली जाती तब तक पानी की सुचारू आपूर्ति होनी चाहिए। इसके बाद निगम कमिश्नर ने व्यापार विहार मुख्य मार्ग, तालापारा और मगरपारा क्षेत्र में सफाई कार्य का भी निरीक्षण किया। व्यापार विहार मुख्य मार्ग में जाम नाली को देखकर नाराजगी जताया और नाले में प्लास्टिक वेस्ट को डालने वाले व्यापारियों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति पत्रक को देखा और अनुपस्थित कर्मचारियों के वेतन में कटौती के भी निर्देश दिए

### अशोक नगर में अखंड नवधा रामायण 14 से



**बिलासपुर।** अशोक नगर सरकंडा में 14 जनवरी से अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। इसका समापन 23 जनवरी को पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा, भंडारा के साथ किया जाएगा। आयोजन समिति के पवन चंद्राकर ने बताया कि कथा का शुभारंभ 14 जनवरी को कलश यात्रा में 1501 बच्चियां शामिल होंगी। इसमें पं. गौरव जोशी का भजन कार्यक्रम होगा। इसके अलावा माया पंडवानी दुजन बाई का भी कार्यक्रम होगा। आचार्य पं. लक्ष्मी दुबे व पंडा महाराज नंदन दास एवं माधुरी मानिकपुरी होंगी।

## 8 माह से फरार लूट का आरोपी गिरफ्तार, सब्जी लेने जा रहे युवक से की थी मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

सब्जी लेने जा रहे युवक से लूट और मारपीट के मामले में पुलिस ने 8 माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र का है।



बम्हनीडीह के सोंठी निवासी सुमीत कुमार पटेल उम्र 29 वर्ष ने 5 मार्च 2025 को बाराद्वार थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, वह सुबह करीब 6:10 बजे सक्ती सब्जी मार्केट जा रहा था। इसी दौरान सकरेली ओवरब्रिज के ढलान पर एक युवक ने लिफ्ट मांगी। मोटरसाइकिल रोकते ही वहां दो अन्य युवक पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने सब्जी लटकाने वाले डंडे से हमला कर प्रार्थी के सिर पर चोट पहुंचाई और उसकी पैंट की जेब से पर्स निकालकर 5300 रुपये लूटकर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकूर के मार्गदर्शन, एएसपी हरीश यादव एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अंजली गुप्ता के निर्देशन में बाराद्वार पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। 2 जनवरी को आरोपी के घर आने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने उसे हिरासत में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## चाकूबाजी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नए साल का जश्न मना रहे युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में तोरवा पुलिस ने कार्रवाई की और युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


आरोपी।

पुलिस के अनुसार सांई मंदिर सिंधी कालोनी निवासी अर्जित विश्वास अपने घर में दोस्तों के साथ नया साल मना रहे थे। इस दौरान आरोपी बलबीर ध्रुव और बलराज ध्रुव आए और रात में जश्न मनाने को लेकर मारपीट करने लगे। इस दौरान बलबीर ध्रुव ने जेब में रखे धारदार हथियार से अर्जित पर वार कर दिया। चाकू से हमला करते हुए पीठ में चाकू गड़ा दिया, लहूलूहान होने के बाद युवक भाग निकले। तोरवा पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में अन्य आरोपी फरार है। पुलिस ने मामले में सांई मंदिर के पास तोरवा निवासी 01 बलबीर ध्रुव पिता इद्रांज ध्रुव उम्र 25 साल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले दो गिरफ्तार

कोनी क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। इस दौरान दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

कोनी क्षेत्र में कई दिनों से असामाजिक गतिविधियों में शामिल दो युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस ने संभावित विवाद व मारपीट की जैसी घटनाओं को रोकने के लिए धारा 170, 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। इस दौरान घुटकू निवासी हीरालाल डोगरे पिता सुख लाल उम्र 33 वर्ष, बड़ी कोनी निवासी मनोज पटेल पिता बाबूलाल उम्र 30 वर्ष पर कार्रवाई की है। दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

## शराब के लिए पैसे नहीं देने पर युवक पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए रूपए नहीं देने से नाराज युवकों ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद मौका पाकर आरोपी युवक भाग निकले थे। शुक्रवार को मस्तूरी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले के अनुसार पकरिया चौक मल्हार निवासी हरिओम सिंह ठाकुर पिता स्व करण सिंह ठाकुर उम्र 45 साल 1 जनवरी की शाम 5.30 बजे हाई स्कुल के पास खड़े थे। इस दौरान उनका भतीजा अमन सिंह एवं अभिजीत सिंह ठाकुर भी साथ थे। इसी दौरान मस्तूरी के ग्राम किरारी निवासी सुमित सिंह ठाकुर अपने साथियों के साथ बाइक पर आया इस दौरान सुमित ने अमन सिंह व अभिजीत सिंह से शराब पीने के लिये रूपए मांगने लगा। इनकार करने पर सुमित व अन्य युवक ने जमकर मारपीट की। इस दौरान सुमित सिंह जेब में रखे बटनदार धारदार चाकू निकालकर अभिजीत को जान से मारने के लिए चाकू लेकर दौड़ा, बीच बचाव करने आये अमन ठाकुर के दाहिने हाथ के अंगूठा के पास चाकू से चोट लगी और खून निकलने लगा। इस दौरान आरोपी युवकों ने पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी सुमित सिंह ठाकुर को पकरिया में घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी से बटनदार स्टीलनुमा धारदार चाकू और बिना नंबर की बाइक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रकरण में अन्य आरोपी अभय सिंह ठाकुर फरार है।


घायल।

## 55 लीटर शराब के साथ एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

55 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामला बाराद्वार थाना अंतर्गत ग्राम सरहर का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम सरहर निवासी ि दलीप कुमार सतनामी पिता बालाराम सतनामी उम्र 33 वर्ष द्वारा अवैध रूप से शराब की ि बक्री की जानकारी मिली। निरीक्षक नरेन्द्र यादव थाना प्रभारी बाराद्वार द्वारा 1 जनवरी को ग्राम सरहर में टीम बनाकर रेड कार्यवाही कर आरोपी दिलीप कुमार सतनामी पिता बाला राम सतनामी उम्र 33 वर्ष निवासी सरहर थाना बाराद्वार, जिला सक्ती के कब्जे से 55 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया। उक्त शराब की कीमत 55 सौ रुपए बताई जा रही है। जिसे आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक नरेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक मनीष राजपूत, प्रधान आरक्षक श्रीकांत सेंगर, आर. योगेश राठौर, आरक्षक टकेश्वर कटकवार, का योगदान रहा ।



## खबर संक्षेप

### एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन एवं विवरण संशोधन की बढ़ाई गई समय-सीमा

**कोरबा।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन एवं विवरण संशोधन की प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि किसानों के पंजीयन के बाद विवरण संशोधन की सुविधा अब 7 जनवरी तक उपलब्ध रहेगी। जानकारी के अनुसार 15 दिसंबर तक केसीसी, ई-ऋण, वन पट्टाधारी किसानों सहित अन्य श्रेणी के किसानों के पंजीयन का प्रावधान संबंधित समितियों के समिति लॉगिन के माध्यम से किया गया था। पंजीयन के पश्चात अनेक किसानों द्वारा अपने विवरणों में संशोधन हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी क्रम में शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि राजस्व विभाग के अधिकारियों और पटवारियों द्वारा भौतिक सत्यापन किए जाने के उपरांत विवरण संशोधन की सुविधा 7 जनवरी तक सभी समितियों में समिति लॉगिन के माध्यम से जारी रखी जाए। इससे पात्र किसानों को अपने पंजीयन में त्रुटियों के सुधार का अवसर मिलेगा और वे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त कर सकेंगे।

### निःशुल्क दंत रोग, नेत्र जांच, शुगर जांच शिविर का आयोजन 5 को

**कोरबा।** पतंजलि योगपीठ दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट के 31वें एवं भारत स्वाभिमान के 17वें स्थापना दिवस पर निःशुल्क दंत रोग, अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) जांच, नेत्र जांच, रक्त शर्करा जांच तथा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य, एवं असाध्य रोगों हेतु निशुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर 5 जनवरी को पतंजलि युवा भारत, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, नमामि हसदेव सेवा समिति, विश्व हिंदू परिषद, आरोग्य भारती, नीमा एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय दुकान क्रमांक 10-11 महानदी काम्प्लेक्स, निहारिका कोरबा में प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह 2 बजे तक आयोजित किया गया है। शिविर में गुजरात आयुर्वेद डेंटिस्ट्री के दंत चिकित्सक डॉ. विकास अग्रवाल, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित अनुभवी ख्यातिलब्ध चिकित्सिका वैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा जी, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आजीवन सदस्य नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा एवं संस्थान के संस्थापक नाड़ीवैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा अपनी चिकित्सकीय सेवायें देंगे।

### श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में एनसीसी की कक्षाओं का शुभारंभ

**कोरबा।** युवा वर्ग में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने के उद्देश्य से श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर की कक्षाएँ प्रारंभ कर दी गई हैं। इस पहल से छात्र-छात्राओं को शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिलेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार झा ने कहा कि एनसीसी युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। इससे विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं देशसेवा की भावना विकसित होती है। एनसीसी अधिकारी सुश्री नूपुर अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण के अंतर्गत ड्रिल, शारीरिक व्यायाम, आपदा प्रबंधन, समाज सेवा एवं नेतृत्व विकास से संबंधित गतिविधियाँ कराई जाएँगी। इच्छुक छात्राएँ एनसीसी से जुड़कर अपने व्यक्तित्व को निखार सकते हैं। इस अवसर पर 1 सीजी बटालियन से स्थाई प्रशिक्षक हवलदार मनोज कुमार ने ड्रिल व राइफल से संबंधित विभिन्न जानकारी कैडेट्स को दी। कैडेट्स में एनसीसी कक्षाओं को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

## निधन

### पुरुषोत्तम चन्द्रा



**कोरबा।** पुरानी बस्ती ब्राम्हण पारा निवासी पुरुषोत्तम चन्द्रा 30 वर्ष पिता गणेश राम चन्द्रा का गुरुवार की देर रात आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। बिलासपुर सिम्स में चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे अपने पीछे माता पिता, पत्नी, पुत्र इतिहास चन्द्रा, भाई रूपलाल चन्द्रा, मनमोहन चन्द्रा, दो बहनों सहित भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को पुरानी बस्ती (दुरपा रोड) स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### दो अलग-अलग...

हादसा बालको थाना क्षेत्र के परसाभांठा मुख्य मार्ग पर हुआ। यहां एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर बिजली के खंभे से टकरा गई और पलट गई। कार में लगभग चार लोग सवार थे। हादसे के बाद कार में सवार लोग किसी तरह बाहर निकले। इस दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सुबह होने पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार बाइक और कार सवार देखे जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

# संभागायुक्त व रोल आब्जर्वर सुनील का कोरबा प्रवास, मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते डेढ़ माह तक चले एसआईआर कार्यक्रम के तहत तैयार की गई मतदाता सूची के पुनर्निरीक्षण का कार्यक्रम शुरु हो गया है। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के बाद जिन मतदाताओ के नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो सके हैं उनसे दावा आपत्ति मांगी जा रही है। इसी तरह नए मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे। मतदाता पुनर्निरीक्षण कार्य के लिए संभागायुक्त ने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।

अलग खबर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आयुक्त व रोल आब्जर्वर बिलासपुर संभाग सुनील जैन द्वारा निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी के संदर्भ में जिले के विधानसभा पाली तानाखार के मतदान केंद्र 209 माध्यमिक शाला चैतमा, 183 प्राथमिक शाला सुतर्रा, कटघोरा विधानसभा के मतदान केंद्र 33 प्राथमिक शाला कसनिया, 34 माध्यमिक शाला कसनिया का निरीक्षण किया गया। केंद्र में प्रारंभिक प्रकाशित मतदाता सूची का अवलोकन कर दर्ज मतदाताओं की जानकारी ली। स्थानांतरित व अनुपस्थित मतदाताओं के सम्बंध में बीएलओ से जानकारी प्राप्त की। नाम जुड़वाने के लिए प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## मंगाई जा रहे दावा आपत्ति

**खास बातें**

- चैतमा, कटघोरा व कसनिया मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण



### स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

बिलासपुर संभाग आयुक्त सुनील जैन ने जिले के एकदिवसीय प्रवास के दौरान पाली विकासखण्ड के माध्यमिक शाला चैतमा एवं कटघोरा के आंगनबाड़ी केंद्र कसनिया का निरीक्षण कर बच्चों की दर्ज संख्या और उपस्थिति की जानकारी ली। माध्यमिक विद्यालय चैतमा का निरीक्षण के दौरान कमिश्नर श्री जैन ने शिक्षकों से बच्चों की पढ़ाई, पाठ्यक्रम की प्रगति और अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने पाठ्यक्रम संचालन और शैक्षणिक गुणवत्ता को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किए। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केंद्र कसनिया निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने केंद्र में बच्चों की दर्ज संख्या एवं उपस्थिति का आंकलन किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कर्मचारियों को बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने तथा पोषण और शिक्षा कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ओंकार यादव, सम्बंधित एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## 3 हजार 582 हितग्राहियों को स्वीकृत हुआ आवासगृह

# महापौर ने 306 हितग्राहियों को प्रदान किया आवासगृह स्वीकृति व भवन अनुज्ञा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



हितग्राही को अनुज्ञा पत्र सौंपते महापौर एवं अन्य।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 मोर जमीन-मोरी मकान बीएलसी घटक के 306 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र एवं भवन निर्माण अनुमति पत्र प्रदान किया। इस अवसर वरिष्ठ पार्षद एवं निगम के पूर्व सभापति अशोक चावलानी, एमआईसी सदस्य अजय गोंड़, ममता यादव, पार्षद पंकज देवांगन, रूबीदेवी सागर, धनश्रीअजय साहू, उर्वशी राठौर, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता व नोडल अधिकारी सुरेश बरूआ उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत मोर जमीन-मोर मकान बीएलसी घटक अंतर्गत नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत वर्तमान में 3 हजार 582 नए हितग्राहियों को आवासगृहों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। महापौर श्रीमती राजपूत ने 306 हितग्राहियों को आवासगृहों के स्वीकृति पत्र व भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र प्रदान किया। इसके पूर्व विगत 326 हितग्राहियों को आवासगृह स्वीकृति व भवन अनुज्ञा पत्र महापौर के द्वारा हितग्राहियों को प्रदान किए गए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के परिणाम स्वरूप देश के करोड़ों लोगों को पक्के मकान मिल चुके हैं तथा करोड़ों लोगों को आगे भी पक्के व सर्वसुविधायुक्त मकान मिलेंगे, जिससे देश का कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं रहेगा, जिसके पास अपना खुद का पक्का मकान न हों। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सत्ता की बागडोर संभालते ही प्रदेश के 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति दी थी। मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के अंतर्गत 32 हजार 850 रूपये की अतिरिक्त राशि ऐसे हितग्राहियों को दी जा रही है, जिनके द्वारा 18 माह के अंदर भवन का निर्माण कार्य पूरा किया जावेगा। उन्होंने हितग्राहियों से कहा कि आप किसी की बातों से भ्रमित न हो, यदि आपसे कोई रूपये पैसे की मांग करता है और किसी प्रकार का प्रलोभन देता है तो उसकी बातों में आए बिना तुरंत अपने वार्ड पार्षद व निगम के अधिकारियों से संपर्क करें, आपके वार्ड पार्षद व निगम के अधिकारी आपका पूरा सहयोग करेंगे, आप समय-समय पर अपनी समस्याएं उन्हें अवश्य बताएं।

### मकान निर्माण के लिए मिलेंगे ढाई लाख रूपये

इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत हितग्राहियों को आवासगृह निर्माण के लिए शासन से 2 लाख 50 हजार रूपये की राशि प्राप्त होगी, जो चार किश्तों में दी जाएगी, प्रथम किश्त में 63 हजार रूपये, द्वितीय किश्त में 87 हजार रूपये, तृतीय किश्त में 65 हजार रूपये एवं चतुर्थ किश्त में 35 हजार रूपये की राशि हितग्राहियों को प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त 18 माह के अंदर उनके द्वारा आवासगृह का निर्माण पूर्ण कर लेने पर छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजनांतर्गत 32 हजार 850 रूपये की अतिरिक्त राशि भी हितग्राहियों के मिलेगी।

# छात्राओं को सायकल का किया गया वितरण



सायकल वितरण करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल एवं शासकीय हाईस्कूल पोड़ीबहार की मेधावी छात्राओं को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सीएसआर मद से सायकल प्रदान किया। साइकिल वितरण का कार्यक्रम साडा स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य रणधीर सिंह ने भारतीय स्टेट बैंक के रीजनल मैनेजर आदर्श श्रीवास्तव, चीफ मैनेजर अनिल कुमार ओझा एवं मैनेजर एचआर धीरेंद्र कुमार का स्वागत किया। इस अवसर पर छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसबीआई के रीजनल मैनेजर आदर्श श्रीवास्तव ने कहा कि सीएसआर के तहत मेधावी छात्राओं को साइकिल प्रदान करने का उद्देश्य बालिकाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाना है। इससे न केवल उनके आवागमन में लगने वाला समय बचेगा, बल्कि वे उस समय का बेहतर उपयोग पढ़ाई में कर सकेंगी। उन्होंने छात्राओं को बेहतर स्वास्थ्य के लिए साइकिल चलाने के महत्व को समझाया और साथ ही सड़क यातायात नियमों की जानकारी रखने की भी अपील की। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक को देश का अग्रणी बैंक बताते हुए कहा कि आय से अर्जित धन को सुरक्षित रखने का सबसे अच्छा माध्यम बैंक है। इसलिए स्कूली स्तर से ही बच्चों में बैंकिंग प्रणाली की समझ विकसित होना आवश्यक है। उन्होंने देश की आर्थिक उन्नति में बैंकों की भूमिका और महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# नवीन पाठ्यपुस्तक के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रारम्भ



प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा-स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय मदनपुर में द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्यामानंद साहू के मुख्य आतिथ्य, नोडल प्राचार्य राजीव जोगी की अध्यक्षता एवं विनोद जायसवाल वरिष्ठ व्याख्याता के विशिष्ट आतिथ्य में सरस्वती पूजन से प्रारम्भ हुआ। प्रथम दिवस के प्रतिवेदन से प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि के आसंदी से विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाली ने प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को शिक्षा रूपी बुलंद इमारत का नींव का पत्थर बताया। नोडल प्राचार्य जोगी ने नवीन शिक्षा प्रणाली के उद्देश्यों को बताते हुए विद्यार्थियों तक पहुचाने को कहा। प्रशिक्षण में प्रेजेंस ऑफ माइंड के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षक -शिक्षिकाओं का पुष्पगुच्छ से मंचस्थ अतिथियों ने स्वागत किया। प्रशिक्षण में ग्रुप लीडर ने अपने ग्रुप द्वारा तैयार मॉडल और शिक्षण सामग्रियों का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण की गतिविधियों का श्रीमती पूजा बघेल डाइट व्याख्याता, लखन लाल धीवर ने सूक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। मास्टर ट्रेनर निर्मल पटेल,श्रद्धा शर्मा, पुष्पलता भार्गवऔर अर्चना किंडो के सराहनीय प्रयास से प्रशिक्षण बेहद मनोरंजक और आकर्षक बना हुआ है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण प्रभारी अनिल जगत,सी ए सी जीवन सिंह मरकाम,विवेक ज्योति खांडे मौजूद थे।

# केवी एनटीपीसी में आयोजित हुआ विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी के प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के चेयरमैन केएन सिंह के विदाई सम्मान में आयोजित किया गया था, जिन्होंने वे अपने कार्यकाल के दौरान विद्यालय की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य महोदय द्वारा केएन सिंह का पुष्पगुच्छ, शॉल तथा श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार साहू ने अपने संबोधन में चेयरमैन साहब के मार्गदर्शन और सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्री सिंह के कुशल नेतृत्व और सुझावों ने विद्यालय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने और शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई है। वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अर्चना खरे ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने श्री सिंह के मिलनसार व्यक्तित्व और विद्यालय के प्रति उनके समर्पण की प्रशंसा करते हुए, समस्त स्टाफ की ओर से उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। समारोह के अंत में केएन सिंह ने विद्यालय परिवार के प्रेम और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों को भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

### सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई



एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से सेवानिवृत्त होने वाले 4 कर्मियों को अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने निदेशक तकनीकी (संचालन) एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, निदेशक (योजना/परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र एवं विभिन्न विभागाध्यक्षों, श्रम संघ प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। सेवानिवृत्त होने वालों में दीपक पंड्या महाप्रबंधक (खनन), अनिल कुमार पांडेय महाप्रबंधक औद्योगिक अभियांत्रिकी विभाग, प्रीतिश रंजन टीकादर वरीय प्रबंधक (वि./यां.) योजना परियोजना विभाग, करन कुमार कनोजिया सीनियर डुप्लीकेट ऑपरेटर योजना परियोजना विभाग शामिल रहे। शीर्ष प्रबंधन ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी अपनी कार्यकुशलता और समर्पण से एसईसीएल को सफलता की नई ऊंचाइयों तक लेकर गए हैं। उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। प्रबंधन ने सभी के उज्ज्वल भविष्य और सुखद पारिवारिक जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी कम्पनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि एसईसीएल में कार्य करना गौरव का विषय रहा। उन्होंने कहा कि यहाँ के अधिकारी और कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते हैं और किसी भी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन एवं सेवानिवृत्त कर्मियों का परिचय उप प्रबंधक (राजभाषा) श्रीमती सविता निर्मलकर ने सफलतापूर्वक किया।

# सिद्धार्थ लोक कल्याण समिति ने किया कंबल का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिद्धार्थ लोक कल्याण समिति, मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में नववर्ष में मूलनिवासी कार्यालय प्रांगण में जरुरतमंद लोगों को कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष गोपाल ऋषिकर भारती ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में पार्षद सतेंद्र दुबे तथा जिला खनिज न्यास सलाहकार समिति के सदस्य मुकुंद सिंह कंवर, कोहड़िया क्षेत्र के संयोजक पुरानचंद पटेल, कार्यक्रम के संचालक सुनील सुना, आयोजक एससी ढोके, सह आयोजक केएस मडामे, केंद्रीय प्रतिनिधि निरंजन प्रधान, जिला संयोजक एम 3 क्रांति कुमार साव, मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ पदाधिकारियों में प्यारेदास महंत, कोमलता साहू, गीता साहू, घनाराम साहू, लक्ष्मीन अगरिया, शीतला साहू, गायत्री साहू, रीमा नवरंगे, शीतला रविदास, मीरा पोर्ते, तारा सोनी, मांगों देवी के साथ अनेकों समाज सेवक उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय शिविर में अखबार वितरक संघ एवं संस्कारम टीम ने बांटे कम्बल व मिष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोढ़ी का विशेष सात दिवसीय शिविर ग्राम पंचायत चाकामार के वार्ड क्रमांक 11 व 12 हाथीमुड में योग आसन से दिनचर्या प्रारंभ हुआ जिसमें 46 स्वयंसेवक जो कि कक्षा 11वीं 12वीं के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें बालिकाएं 31 तथा बालक 15 थे।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत चाकामार के सरपंच विजय कुमार मंझवार तथा विशेष अतिथि मनोज कर्ष की उपस्थिति में कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य शाउमावि गोढ़ी श्रीमती रिनी दुबे द्वारा किया गया। अंजना भगत, किशोरी व हेमलता शिक्षिकाएं शामिल रही तथा नूतन केवट, पुष्पा महिलांगे परिचारिका थी। शिविर में बच्चों द्वारा श्रमदान, खेलकूद, तालाबों एवं गांव की साफ सफाई, संध्या प्रार्थना, रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। 28 दिसंबर को ग्राम पंचायत गोढ़ी वार्ड क्रमांक 5 के पंच पदम सिंह चंदेल मुख्य अतिथि थे। जिनके द्वारा नशा मुक्ति एवं नवसाक्षरता के बारे में जानकारी दी गई। विशिष्ट अतिथि संस्कारम संस्था की अध्यक्ष आकांक्षा चंदेल द्वारा 46 बच्चों को कंबल वितरण किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, जिला सचिव जय सिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, रामायण सिंह, तपेश्वर राठौर, अनिल गिरी, राजकुमार पटेल व बालको इकाई के संरक्षक रेशम साहू उपस्थित रहे। शिविर के औचक निरीक्षण के दौरान प्रोफेसर डॉ योगेंद्र कुमार तिवारी द्वारा कहा गया कि शिविर का आयोजन बहुत उत्तम ढंग से हुआ है लेकिन बिना सुविचार लेखन के शिविर का स्वरुप कमतर लगता है। डॉ. तिवारी ने स्कूल प्राचार्य एवं शिविर के संयोजकों की प्रशंसा की।



कंबल व मिठाई का वितरण करते हुए।

# एचटीपीएस से सेवानिवृत्त हुए चार कर्मचारियों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) पश्चिम से माह दिसंबर 2025 में कनिष्ठ पर्यवेक्षक बजरंग लाल चंद्रा व घनश्याम प्रसाद साहू, संयंत्र सहायक श्रेणी-एक बलवंत सिंह, संयंत्र परिचारक श्रेणी-दो प्रसाद सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता एचके. सिंह ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए पॉवर कंपनी की ओर से आभार जताया। मुख्य अभियंता एचके सिंह के हाथों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृतिचिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरके. पांडे, एके शाह, केएनबी राव, एसके पंड्या और एससी पाठक की गरिमामयी उपस्थिति रही। श्रम कल्याण केंद्र (जूनियर क्लब) में आयोजित दीर्घ सेवा सम्मान समारोह में मुख्य अभियंता एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वस्थ व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने 39 वर्ष के दीर्घ कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया गया। कर्मचारियों के जीवन परिचय का उल्लेख करते हुए कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी सुरेश सिंह कंवर द्वारा किया गया। दीर्घ सेवा सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्तों के परिजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### चार टीआई, दो एसआई और तीन एएसआई का तबादला

**कोरबा।** एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने नए साल के पहले दिन पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। उन्होंने 4 थाना प्रभारियों (टीआई) सहित कुल 9 पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। जिसमें 2 सब इंस्पेक्टर (एसआई) और 3 असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) भी शामिल है। तबादला सूची के अनुसार युवराज तिवारी को बालको थाना प्रभारी, मृत्युंजय पांडे को कुसमुंडा थाना प्रभारी, आशीष कुमार सिंह को करतला थाना प्रभारी और प्रमोद कुमार डडसेना को हरदीबाजार थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल को शहर के मुख्य थाने सिविल लाइन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिविल लाइन थाने में एसपी कार्यालय, कलेक्ट्रेट और कोर्ट सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्र आते हैं। मानिकपुर चौकी का प्रभार परमेश्वर राठौर को दिया गया है। कई थाना और चौकी प्रभारियों को उनके मौजूदा पदों पर ही बरकरार रखा गया है। इनमें कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी, कोतवाली थाना प्रभारी एमबी पटेल, दर्री थाना प्रभारी नागेंद्र तिवारी,पाली थाना प्रभारी जितेंद्र यादव, उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी, दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू, रजगामार चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे, पसान थाना, कोरबा चौकी, सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी और सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव शामिल हैं। एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने इस फेरबदल के माध्यम से थाना और चौकियों में कसावट लाने तथा कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया है।

### सीपीआई ने रेल सुविधा को लेकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को लिखा पत्र

**कोरबा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड पवन कुमार वर्मा ने रेल सुविधा को लेकर राष्ट्रपति, सभापति लोकसभा नई दिल्ली को कलेक्टर के नाम पत्र भेजा है। पत्र में श्री वर्मा ने उल्लेख किया गया है कि बिहार से हजारों लोग रोज छत्तीसगढ़, उड़ीसा तक रोजगार के लिए आना जाना लगा रहता है। छत्तीसगढ़ से पटना के लिए एक ही रोज चलने वाली है गाड़ी संख्या 13287 एक साप्ताहिक है किन्तु भागलपुर तक आने-जाने हेतु सीधे कोई रेलगाड़ी नहीं है जबकि गोंडा से टाटा 18186 गोंडा से रांची 18604 या भागलपुर रांची 13404 चलती है जो रांची या टाटा तक रुकी रहती है वह तीनों में से एक-दो गाड़ी को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर या दुर्ग तक बढ़ाने पर विचार किया जाना चाहिए या बिलासपुर 22843 बक्सर को सप्ताह में एक दिन भागलपुर तक करने का निर्णय लिया जाए, गाड़ी संख्या 13287 साउथ बिहार में हर दिन सैंकड़ों की तादाद में वेटिंग टिकट पर आम जनता को आना जाना पड़ता है एवं जमीन पर एवं टॉयलेट गैलरी में बैठकर सफर करना पड़ता है उसमें भी बोगियों की संख्या बढ़ाना चाहिए। जिससे आम जनता को छठ, दिवाली, होली, दुर्गा पूजा एवं वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने अथवा बच्चों का विवाह संपन्न करने के लिए कष्ट न उठाना पड़े।

### कथक नर्तक पर्वतम ने भारत संस्कृति उत्सव में जीता प्रथम पुरस्कार



**बालको।** कथक नर्तक पर्वतम योद्धा ने प्रतिष्ठित भारत संस्कृति उत्सव में कथक (बालकृष्ण एकल) श्रेणी में पहला स्थान हासिल करके ख्याति प्राप्त की है। यह आयोजन हिंदुस्तान आर्ट एंड म्यूजिक सोसाइटी द्वारा आयोजित भारतीय कला और संस्कृति का एक अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव और वैश्विक प्रतियोगिता है। प्रतियोगिता 26 से 31 दिसंबर तक कलकत्ता ब्लाइंड स्कूल ग्राउंड और शरत सदन, बेहाला, कोलकाता, पश्चिम बंगाल में आयोजित की गई थी। देश-विदेश के प्रतिभागियों ने विभिन्न शास्त्रीय कला रूपों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पर्वतम योद्धा ने एक अभिव्यंजक और तकनीकी रूप से ध्वनि कथक प्रदर्शन के साथ जूरी को प्रभावित किया, एक योग्यता प्रमाण पत्र, भागीदारी प्रमाण पत्र, एक विजेता ट्रॉफी और एक पदक अर्जित किया। यह उपलब्धि भारतीय शास्त्रीय नृत्य के प्रति बाल कलाकार के समर्पण, अनुशासन और जुनून को उजागर करती है। पर्वतम योद्धा दिल्ली पब्लिक स्कूल बाल्को में 4 वीं कक्षा में पढ़ रही है

### महिला कल्याण समाज एसईसीएल ने किया वन भ्रमण

**कोरबा।** महिला कल्याण समाज, एसईसीएल इंदिरा विहार द्वारा पिकनिक भ्रमण का आयोजन महिला कल्याण समाज, एसईसीएल इंदिरा विहार द्वारा 25 दिसंबर को समाज की 50 महिलाओं एवं बच्चों के लिए रायपुर जंगल सफारी एवं पुरखौती मुक्तांगन का एक दिवसीय पिकनिक भ्रमण सचिव श्रीमती माधुरी तिवारी के कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों ने जंगल सफारी में वन्यजीवन का अवलोकन किया तथा पुरखौती मुक्तांगन में प्रदेश की समृद्ध संस्कृति एवं कला से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने आनंद, उत्साह एवं आपसी सौहार्द के साथ यादगार समय व्यतीत किया। महिला कल्याण समाज का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना है। भविष्य में भी इस प्रकार के उपयोगी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में लिम्हा की टीम रही विजयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

अलग खबर

राज्य स्तरीय तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम डिंडोलभांठा बम्हनीकोना में स्व.अजय सिंह पोर्ते की स्मृति में आयोजित हुआ। जिसमें कुल 18 टीम ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच लिंहा बिलासपुर एवं देवगांव के मध्य खेला गया। जिसमें लिंहा के खिलाड़ियों के द्वारा बेहतर प्रदर्शन के साथ फाइनल मैच में शानदार जीत हासिल की।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल ने फाइनल मैच के खिलाड़ियों से परिचय लिया और मैक का टॉस कराकर खेल का शुभारंभ किया। फाइनल मैच के विजेता लिंहा बिलासपुर को मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल के द्वारा 15 हजार नगद व ट्राफी, श्रीमती यशोदा बाई ओड़े के द्वारा उपविजेता टीम देवगांव को 10 हजार रुपए नगद व ट्राफी वहीं जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 5 के द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर डिंडोभांठा को 7 हजार रुपए नगद व ट्राफी से नवाजा गया। वहीं खेल में बेस्ट रेडर व बेस्ट केचर को एक हजार रुपए नगद जान सिंह के द्वारा दिया गया। वही वेस्ट आलराउंडर को एक रेंजर साईकिल ईनाम में बाबू लाल पोर्ते व कृपाल सिंह मरावी के द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि मुकेश जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि डिंडोलभांठा बम्हनीकोना में प्रत्येक वर्ष कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होता आ रहा है। यह कब्बड्डी खेल के प्रति समर्पण और आनंद को दर्शाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती यशोदा बाई ओड़े सरपंच बम्हनीकोना ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य मुड़ापार, भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री पंकज ध्रुवा, सरपंच हरदीबाजार लोकेश्वर कंवर, सरपंच मुड़ापार शिल्की कुंवर सिंह, उपसरपंच राकेश्वरी कश्यप, घनश्याम सिंह नेटी, सचिव सीताराम साहू, प्रमोद जाटवर, जान सिंह, बिसाहू सिंह व प्रताप सिंह सहित समिति के सदस्य व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय प्रतियोगिता आयोजित थी डिंडोलभाठा में

**खास बातें**

- प्रतियोगिता में प्रदेश की 18 टीम ने लिया भाग
- विजेता टीम को मिला 15 हजार रुपए नगद व ट्राफी



## तान नदी पर स्थित पुल पर मौत का गड्ढा, बना हादसे की वजह

# जानलेवा गड्ढा बना हादसे का सबब, एक की मौत, दो घायल



सड़क हादसे में मृत युवक।



तान नदी पर स्थित जर्जर पुल एवं क्षतिग्रस्त डिवाइडर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नेशनल हाईवे 130 पर तान नदी पर स्थित जर्जर पुल के बार फिर हादसे की वजह बनी है। कोरबा से परला जा रहे स्कूटी सवार युवक जैसे ही पुल पर पहुंचे, इसी दौरान स्कूटी गड्ढे में जाने से अनियंत्रित होने की वजह से रेलिंग से टकरा गई। इस सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दो लोग घायल हो गए। इसके पहले भी गुरसिया स्थित तान नदी के पुल पर बने गड्ढे की वजह से सड़क हादसे में लोगों की जान जा चुकी है।

**खास बात**

- कोरबा से परला जा रहे स्कूटी सवार तीन युवक हुए सड़क हादसे का शिकार

नेशनल हाईवे 130 पर स्थित गुरसिया के तान नदी पुल की बदहाली ने एक बार फिर आम नागरिक की जान ले ली। वार्ड 5 देवांगन पारा कोरबा निवासी पान व्यवसायी सुरेश कुमार श्रीवास का युवा पुत्र प्रकाश श्रीवास उम्र लगभग 21 वर्ष गुरुवार को अपने दो अन्य मित्रों के साथ बाइक पर सवार होकर परला जा रहा था। गुरसिया मार्ग से गुजरते हुए जैसे ही तान नदी पर बने पुल को पार कर रहे थे कि स्कूटी जर्जर पुल में बने गड्ढे के संपर्क में आया और अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। इस हादसे में स्कूटी सवार प्रकाश श्रीवास की मौके पर ही मौत, जबकि हरि गोस्वामी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीसरा युवक अनमोल गोस्वामी को हल्की चोटें आई है। मृतक प्रकाश श्रीवास और घायल हरि गोस्वामी कोरबा की पुरानी बस्ती देवांगन मोहल्ला के निवासी बताए जा रहे हैं। तीनों स्कूटी पर सवार होकर परला जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार हादसे का मुख्य कारण गुरसिया पुल पर बने गहरे गड्ढे हैं, जिनकी वजह से प्रकाश स्कूटी पर अपना संतुलन खो बैठा और स्कूटी पुल में बने डिवाइडर से जा टकराया। इसके बाद राहगीरों ने डायल 112 में हादसे की सूचना दी, जिसके बाद बांगो थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और प्रकाश के शव को पोड़ी उपरोड़ा स्थित सीएचसी रवाना किया। बांगो थाना प्रभारी ने इस घटना को गंभीर लापरवाही करार दिया है। परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि नेशनल हाईवे अधिकारियों को आम लोगों की जान की कोई परवाह नहीं है। वीआईपी आवाजाही वाली सड़कों पर तो तत्काल मरम्मत हो जाती है, लेकिन आम जनता के रास्तों को नजरअंदाज किया जाता है। इस हादसे के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यह केवल दुर्घटना नहीं बल्कि नेशनल हाईवे प्रबंधन की घोर लापरवाही का नतीजा है। यदि समय रहते गड्ढों की मरम्मत और सुरक्षित डायवर्जन बनाया गया होता, तो व्यक्ति की जान नहीं जाती। परिजनों और नागरिकों ने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और तत्काल पुल की मरम्मत कर सुरक्षित यातायात की व्यवस्था कि जाए।

### बोर्ड लगा पर नहीं बना डायवर्सन मार्ग




स्थानीय लोगों का कहना है कि गुरसिया पुल लंबे समय से जर्जर हालत में है। पुल पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और आए दिन हादसे हो रहे हैं। इसके बावजूद नेशनल हाईवे अथॉरिटी की ओर से न तो समय पर मरम्मत कराई गई और न ही कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था की गई। हैरानी की बात यह है कि भारी वाहनों के प्रतिबंध का बोर्ड तो लगा दिया गया है, लेकिन वैकल्पिक डायवर्जन मार्ग नहीं बनाया गया। जबकि इस पुल की मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है। स्थानीय प्रशासन और बांगो थाना द्वारा बार बार गड्ढों की मरम्मत की मांग की जाती रही, लेकिन नेशनल हाईवे की ओर से हर बार यही कहा गया कि बरसात के बाद मरम्मत कर दी जाएगी। आज तक कोई ठोस काम नहीं हुआ।

### दोस्तों ने छुपाई हादसे की जानकारी

दुर्घटना में प्रकाश के मित्र हरि गोस्वामी और अनमोल गोस्वामी भी घायल को गए थे। हादसे के बाद दोनों युवक गुरसिया में ही रुक गए और न तो पुलिस को इसकी सूचना दी और ना ही मृतक के परिजन को। दूसरी तरफ बांगो पुलिस ने मृतक के पास से मिले मोबाइल को अपने पास रखा, जिसमें शुक्रवार की सुबह फोन आने पर पुलिस के द्वारा घटना के संबंध में जानकारी दी गई। इस तरह मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना मिली। प्रकाश की मौत की खबर से परिजनों में हाहाकार मच गया। वहीं दूसरी ओर घायल युवकों ने शुक्रवार की सुबह अपने परिजनों से संपर्क किया और घटना की जानकारी मृतक प्रकाश के परिजनों को देने के लिए कहा।

### प्रभा का बीएसएफ में हुआ चयन

**कोरबा।** ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां कैसे अपनी लगन और मेहनत से देश के लिए महत्त्वपूर्ण पदो पर पहुँचकर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर रही है। ऐसे ही ग्रामीण इलाके के एक गरीब किसान की बेटी ने वह कर दिखाया है जिससे पूरा गांव गौरवान्वित है। उसने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में कामयाबी हासिल कर दूसरी लड़कियों को भी सीख दी है कि जीवन मे कुछ हासिल करने का जज्बा हो तो इसमें असफलता नहीं मिलती है। यह कारनामा कोरबा जिले के पाली विकासखण्ड अंतर्गत एक छोटे से गांव दादर के एक गरीब किसान सुखीदास की बेटी प्रभा ने कर दिखाया है।

पाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम लाफा के आश्रित दादर निवासी सुखीदास की 22 वर्षीय पुत्री प्रभा महंत का चयन बीएसएफ में हुआ है। पश्चिम बंगाल में प्रशिक्षण पूरा कर प्रभा जब अपने ग्राम लौटी तब लोगों में गर्व के साथ खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने मिठाईयां बांटी व बधाईयां दी। प्रभा ने कहा कि मां-पिता के आशीर्वाद व समर्थन और खुद के कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प से गरीबी की बाधाओं को पार करते हुए विपरीत परिस्थितियों में भी हार नही मानी, तब जाकर अपने सपने को पूरा की हूँ। पिता सुखीदास ने बताया कि प्रभा बचपन से पढ़ाई में मेघावी के साथ-साथ खेलकूद के गतिविधियों में शामिल रहा करती थी। विश्वास था कि एक दिन मेरी बेटी जरूर नाम रोशन करेगी जो आज सच साबित हो गया। यह छोटे से गांव दादर सहित पाली क्षेत्र के लिए बड़े गौरव की बात है और क्षेत्रवासियों की जुबां पर प्रभा का ही नाम है।

# करतला रेंज में एक और दंतैल हाथी की आमद, वन विभाग अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

वनमंडल कोरबा के करतला रेंज में हाथियों की गतिविधियां लगातार बढ़ता ही जा रहा हैं। कुदमुरा क्षेत्र से एक और दंतैल हाथी अचानक करतला रेंज में आ धमका है। सोमवार को इस दंतैल हाथी को बड़मार जंगल में विचरण करते हुए देखा गया, जिसके बाद वन विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है।

हाथी की मौजूदगी की पुष्टि होते ही वन विभाग द्वारा बड़मार सहित आसपास के गांवों में मुनादी कराई गई और ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की गई। लोगों को घरों में रहने, जंगल की ओर न जाने और हाथी दिखाई देने पर तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि करतला रेंज के चिकनीपाली बिट अंतर्गत पहाड़ी क्षेत्र में पहले से ही एक दंतैल हाथी सक्रिय है। अब दूसरे दंतैल के पहुंचने से क्षेत्र में सक्रिय दंतैल हाथियों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। इससे ग्रामीणों के लिए खतरा और बढ़ गया है। वन विभाग द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा कर्मचारियों की तैनाती बढ़ा दी गई है। इधर, कटघोरा वनमंडल में भी हाथियों की गतिविधि जारी है। जटगा रेंज में 49 हाथी तथा एतमानगर रेंज में 2 हाथी बालापचरा क्षेत्र के पास विचरण कर रहे हैं। बालापचरा में विचरण कर रहे हाथियों ने बीती रात उत्पात मचाते हुए एक ग्रामीण के खेत में लगी अरहर की फसल को बुरी तरह रौंद दिया, जिससे किसान को भारी नुकसान हुआ है। पीड़ित ग्रामीण की सूचना पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और हाथियों द्वारा की गई क्षति का आंकलन किया। वन विभाग ने एक बार फिर ग्रामीणों से अपील की है कि वे सतर्क रहें, समूह में जंगल न जाएं और किसी भी प्रकार की हाथी गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें।

# समग्र विकास को लेकर जन प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

समग्र विकास को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं और आवश्यक विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने किया। मुलाकात में पार्षद टामेश अग्रवाल, पार्षद जनक सिंह राजपूत, महानगर साहू संघ के सह सचिव रिंकू साहू तथा अधिवक्ता रवि शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने पुराने कोरबा क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने बताया कि पुराना कोरबा ऐतिहासिक और आबादी वाला क्षेत्र है, यहां योजनाबद्ध विकास अत्यंत आवश्यक है। नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं समय पर मिलनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कराने का आग्रह किया। कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्यों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### प्रत्येक माह मंगलवार को होगी सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**कोरबा।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा शहर में बढ़ते यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक एवं एनकोर्ड की बैठक अब प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को आयोजित की जाएगी। यह बैठक समय-सीमा की बैठक के पश्चात कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न होगी। यदि किसी अपरिहार्य कारणवश अथवा अवकाश की स्थिति में बैठक आयोजित करना संभव नहीं होगा, तो इसे द्वितीय मंगलवार को रखा जाएगा।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की ली जानकारी

# आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



राजनीतिक दलों की बैठक लेते ऑब्जर्वर, संभागायुक्त व कलेक्टर।

आयुक्त व रोल ऑब्जर्वर बिलासपुर संभाग सुनील जैन तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत की उपस्थिति में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर द्वारा निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), अर्हता तिथि 1 जनवरी के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की स्पष्ट मंशा है कि कोई भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से न कटे और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में न जुड़ने पाए। विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत 22 जनवरी तक दावा-आपत्तियाँ आमंत्रित की गई हैं। मृत मतदाताओं एवं दो स्थानों पर दर्ज मतदाताओं के नाम विलोपित किए जा रहे हैं। एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत सी श्रेणी में सम्मिलित मतदाताओं से भी दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। उन्होंने बताया कि नाम जोड़ने, एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने एवं अन्य आवश्यक सुधार के लिए आवेदन किया जा सकता है। प्राप्त आवेदनों की सुनवाई उपरांत पात्र पाए गए आवेदकों के अनुसार मतदाता सूची संशोधित की जाएगी। आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर श्री जैन ने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि एसआईआर की प्रक्रिया में बूथ लेवल असिस्टेंट (बीएलए) का सहयोग महत्वपूर्ण है, अतः वे क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के साथ समन्वय स्थापित करें ताकि कोई भी पात्र मतदाता आवेदन से वंचित न रहे। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों को आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर ने गंभीरता से सुना। दलों द्वारा मृत, शिफ्टेड तथा अनुपस्थित मतदाताओं की सूची बीएलए के पास उपलब्ध कराने की मांग पर उन्होंने बताया कि यह सूची बीएलए के पास उपलब्ध है तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उसका अवलोकन कर सकते हैं। बूथ और भाग संख्या में परिवर्तन के कारण मतदाताओं को नाम खोजने में आ रही कठिनाइयों तथा नए व पुराने भाग संख्या की सूची उपलब्ध कराने संबंधी मांग पर उन्होंने उप निर्वाचन अधिकारी को आवश्यक सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उद्देश्य यही है कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम न छूटे और किसी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में न जुड़े।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411